http://haryanatet.com



## भाग – I / PART – I

## बाल विकास व शिक्षाशास्त्र / CHILD DEVELOPMENT & PEDAGOGY

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सबसे उचित विकल्प चुनिए।*

***Direction :*** *Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.*

**1.** वाइगोट्स्की के अनुसार, कार्य करने की वह सीमा जो बालक अकेले के लिए बहुत कठिन हो परन्तु प्रौढ़ और अधिक कुशल साथी की सहायता से करना संभव हो, कहलाती है :

(1) स्कैफोल्डिंग
(2) अन्तः व्यक्तिनिष्ठता
(3) निर्देशित सहभागिता
(4) आसन्न विकास क्षेत्र

**2.** निम्नलिखित में से किस मनोवैज्ञानिक ने किशोरावस्था को परिभाषित किया कि "किशोरावस्था वह काल (अवधि) है जिसमें बालक और बालिकाएँ मानसिक, संवेगात्मक, सामाजिक और शारीरिक रूप से बाल्यावस्था से प्रौढ़ावस्था की ओर जाते हैं" ?

(1) ए० टी० जरशिल्ड
(2) ई० बी० हरलॉक
(3) आई० पी० डेविस
(4) एच० सोरेनसन

**3.** अधिगमकर्ता (शिक्षु) केन्द्रित अनुदेशनात्मक योजना जिसमें विद्यार्थी अध्यापक के प्रश्नों और निर्देशों की सहायता से अपनी समझ को निर्मित करने के लिए प्रोत्साहित होते हैं, वह है :

(1) अन्वेषी अधिगम
(2) मार्गदर्शित अन्वेषी अधिगम
(3) समस्या आधारित अधिगम
(4) प्रायोजना आधारित अधिगम

**4.** पूर्व अधिगम द्वारा वर्तमान अधिगम को धनात्मक रूप से सुसाध्य बनाना, उदाहरण के तौर पर योग संक्रिया द्वारा गुणा संक्रिया को सहायता (सुसाध्य) करना। इस प्रकार का अधिगम स्थानान्तरण कहलाता है :

(1) ऊर्ध्वाधर (2) आनुक्रमिक
(3) पार्श्वीय (4) द्विपार्श्वीय

**1.** According to Vygotsky, a range of task too difficult for the child to do alone but possible with the help of adults and more skilled peers is called :

(1) Scaffolding
(2) Inter subjectivity
(3) Guided participation
(4) Zone of proximal development

**2.** Which of the following psychologist defined adolescence as "Adolescence is that span of years during which boys and girls move from childhood to adulthood, mentally, emotionally, socially and physically ?

(1) A. T. Jersild
(2) E. B. Hurlock
(3) I. P. Davis
(4) H. Sorenson

**3.** Learner centered instructional strategy in which students are encouraged to construct their understanding with the assistance of teacher through questions and directions is :

(1) Discovery learning
(2) Guided discovery learning
(3) Problem based learning
(4) Project based learning

**4.** Positive facilitation of present learning through past learning, for example addition helps multiplication. This type of transfer of learning is called :

(1) Vertical (2) Sequential
(3) Lateral (4) Bilateral



Scanned by CamScanner

http://haryanatet.com



5. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन समावेशी शब्द को सर्वाधिक उपयुक्त रूप से परिभाषित करता है ?
   (1) विशेष आवश्यकता वाले बालकों को विशिष्ट विद्यालयों में शिक्षा देना
   (2) विशेष आवश्यकता वाले बालकों को विद्यालयों में विशिष्ट कक्षा में शिक्षा देना
   (3) विशेष आवश्यकता वाले बालकों को सामान्य कक्षा में अधिकतम समय शिक्षा देना
   (4) विशेष आवश्यकता वाले बालकों को सामान्य कक्षा में पूरे समय शिक्षा देना

6. प्रतिभाशाली बालकों के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कार्यक्रम उपयुक्त *नहीं* है ?
   (1) विशिष्ट कक्षा
   (2) उपचारात्मक शिक्षण
   (3) त्वरण (गतिवर्द्धन)
   (4) सामान्य कक्षा में संवर्धन

7. पियाजे के अनुसार, किशोरों की वास्तविक संसारिक परिस्थितियों को देखे बिना शाब्दिक कथनों के तर्कों को मूल्यांकन करने की योग्यता है :
   (1) साध्यात्मक विचार
   (2) ट्रांजिटिव निष्कर्ष (संक्रमणीय अनुमान)
   (3) संज्ञानात्मक मानचित्रण
   (4) विकेन्द्रीयन

8. पारुल के बुद्धि परीक्षण उसे औसत और औसत से अधिक बुद्धि को दर्शाते हैं। जबकि उसके पठन, वर्तनी, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान के ग्रेड अत्यधिक न्यून (कम) हैं। उसके गणित के ग्रेड काफी उच्च और लेखन कौशल पर्याप्त हैं। पारुल को मुख्यतः है :
   (1) डिसकेल्कुलिया (2) डिसग्राफिया
   (3) डिसलेक्सिया (4) डिसफेसिस

9. गार्डनर के अनुसार, दूसरों के मूड (मनोदशा), स्वभाव अभिप्रेरणाओं और इरादों को पहचानने और उपयुक्त अनुक्रिया करने की योग्यता कहलाती है :
   (1) भाषिक बुद्धि
   (2) दैहिक-गतिबोधक बुद्धि (बॉडिली-काइनेस्थैटिक बुद्धि)
   (3) अंतर्वैयक्तिक बुद्धि
   (4) अंतरावैयक्तिक बुद्धि

5. Which of the following statement most appropriately defines the term inclusion ?
   (1) Educating children with special needs in special school
   (2) Educating children with special needs in special classroom of school
   (3) Educating children with special needs most of the time in regular class
   (4) Educating children with special needs full time in the regular classroom

6. Which of the following programme is ***not*** suitable for gifted children ?
   (1) Special classes
   (2) Remedial Teaching
   (3) Acceleration
   (4) Enrichment in regular classroom setting

7. According to Piaget, adolescents ability to evaluate the logic of verbal statement without referring to real-world circumstances is :
   (1) Propositional thought
   (2) Transitive inference
   (3) Cognitive mapping
   (4) Decentration

8. Parul's intelligence test indicate that she is average to above average intelligent. However her grades in reading, spellings, social sciences and science are very low. Her maths grades are quite high & her writing skills are adequate. Parul most likely has :
   (1) Dyscalculia (2) Dysgraphia
   (3) Dyslexia (4) Dysphasis

9. According to Gardner, the ability to detect and respond appropriately to the moods, temperaments, motivations and intentions of others, is known as :
   (1) Linguistic intelligence
   (2) Bodily – kinesthetic intelligence
   (3) Interpersonal intelligence
   (4) Intrapersonal intelligence



Scanned by CamScanner

http://haryanatet.com



10. विद्यालय का प्रजातान्त्रिक संगठन अधिगम को प्रभावित करता है, अधिगम का यह कारक सम्बन्धित है :
(1) विधि विज्ञान पक्ष से
(2) सामाजिक पक्ष से
(3) कार्यिकी पक्ष से
(4) मनोवैज्ञानिक पक्ष से

11. जब विद्यार्थी अधिगम विषयवस्तु का अर्थ निकालकर उसे समझने के अधिगम उपागम का उपयोग करते हैं तो यह अधिगम शैली निम्नलिखित में से कौन-सी है ?
(1) व्यावहारिक शैली (2) आवेगी शैली
(3) सतही शैली (4) गहन शैली

12. सांस्कृतिक पूर्वाग्रह (पक्षपात) से बचाव के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी एक अच्छी आकलन योजना है ?
(1) विभिन्न विधियों का उपयोग विद्यार्थियों के आकलन के लिए करना
(2) एक अच्छे मानकीकृत परीक्षण का उपयोग करना
(3) मानवजातीय विभिन्नताओं को आनुवंशिकता के कारण मानना
(4) आकलन के उद्देश्य के लिए पोर्टफोलियो के उपयोग से बचना

13. रोहन बाहुबली की नवीनतम चित्र कथा पुस्तक पढ़ रहा है क्योंकि वह इस बात का इन्तजार नहीं कर सकता कि बाहुबली और उसके परिवार के साथ क्या हुआ। यह सही उदाहरण है :
(1) केवल आन्तरिक अभिप्रेरणा का
(2) केवल बाह्य अभिप्रेरणा का
(3) आन्तरिक और बाह्य दोनों प्रकार की अभिप्रेरणा का
(4) न तो आन्तरिक और न ही बाह्य अभिप्रेरणा का

14. अधिगम की वह अवस्था जिसमें एक से अधिक साथी एक दूसरे को प्रेरित और प्रोत्साहित करते हैं, कहलाती है :
(1) दल (टीम) शिक्षण
(2) अभिक्रमित अनुदेशन
(3) सहयोगी अधिगम
(4) अन्वेषण अधिगम

10. The democratic organisation of school influence learning, this factor of learning is related to :
(1) Methodological aspect
(2) Social aspect
(3) Physiological aspect
(4) Psychological aspect

11. Which of the following type of learning style is used when students approach of learning material in a way that helps them understand the meaning of the materials ?
(1) Practical style (2) Impulsive style
(3) Surface style (4) Deep style

12. Which of the following is a good assessment strategy to avoid cultural bias ?
(1) Assess students using a variety of methods
(2) Use a single, good standardized test
(3) Assume that ethnic differences are due to heredity
(4) Avoid using portfolio for assessment purposes

13. Rohan is reading a latest Bahubali comic book because he cannot wait to see what happens to Bahubali and his family. This is best example of :
(1) Only intrinsic motivation
(2) Only extrinsic motivation
(3) Both intrinsic and extrinsic motivation
(4) Neither intrinsic nor extrinsic motivation

14. Learning situation in which multiple partners stimulate and encourage one another is called :
(1) Team teaching
(2) Programmed instruction
(3) Cooperative learning
(4) Discovery learning



Scanned by CamScanner

http://haryanatet.com





**15.** निम्नलिखित में से कौन-सी योजना विद्यार्थियों के समस्या समाधान में सुधार करने के लिए उपयुक्त *नहीं* है ?

(1) विद्यार्थियों की प्रकार्यात्मक नियतता

(2) वास्तविक-विश्व समस्याओं के समाधान के लिए व्यापक अवसर देना

(3) बालकों के समस्या समाधान में माता-पिता को सम्मिलित करना

(4) विद्यार्थियों की समस्या समाधान की प्रभावी और अप्रभावी योजनाओं को मॉनीटर (प्रबोधन) करना

**16.** ब्रॉन्फेनब्रेनर की पारिस्थितिकी सिद्धान्त के अनुसार, विद्यार्थी का परिवार, साथी और विद्यालय आदि उसके विकास को प्रभावित करते हैं और ये सम्बन्ध रखते हैं :

(1) काल तन्त्र से (2) सूक्ष्म तन्त्र से

(3) बृहत तन्त्र से (4) बाह्य तन्त्र से

**17.** ........., सामाजिक संज्ञान सिद्धान्त से उसी प्रकार सम्बन्धित हैं जिस प्रकार वाइगोट्स्की सामाजिक निर्मितिवाद सिद्धान्त से सम्बन्धित हैं।

(1) स्किनर (2) सैग्लर

(3) पियाजे (4) बण्डूरा

**18.** इस प्रकार बोलना अथवा लिखना जो दूसरों पर प्रभाव छोड़ दे, कहलाता है :

(1) भाषा का व्याकरण

(2) भाषा का ध्वनिग्राम (फ़ोनीम)

(3) भाषा का व्यवहारिक रूप

(4) भाषा का रूपग्राम (मॉरफीम)

**19.** कोहलवर्ग के सिद्धान्त में किस स्तर पर नैतिक विकास बाह्य मानकों पर आधारित नहीं होकर आन्तरीकरण पर आधारित होता है ?

(1) पूर्व-प्रचलन स्तर

(2) प्रचलन स्तर

(3) पश्च प्रचलन स्तर

(4) आपसी अंतर्वैयक्तिक स्तर

**15.** Which of the following is ***not*** an appropriate strategy for improving students problem solving ?

(1) Functional fixedness of students

(2) Give extensive opportunities to solve real-world problems

(3) Involve parents in children's problem solving

(4) Monitor students effective and ineffective problem solving strategies

**16.** According to Bronfenbrenner's Ecological Theory, student's family, peers and school etc. influence his/her development and they belong to the :

(1) Chrono system (2) Micro system

(3) Macro system (4) Exo system

**17.** ........ is to social cognitive theory as Vygotsky is to social constructivist theory.

(1) Skinner (2) Seigler

(3) Piaget (4) Bandura

**18.** Speaking or writing in such a way as to have an impact on others is known as the :

(1) Grammar of language

(2) Phonemes of language

(3) Pragmatics of language

(4) Morphemes of language

**19.** In Kohlberg's theory, at which level moral development is internalized and not based on external standards ?

(1) Pre conventional level

(2) Conventional level

(3) Post conventional level

(4) Mutual interpersonal level



Scanned by CamScanner

http://haryanatet.com



**20.** पियाजे के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता बालकों के औपचारिक क्रियात्मक अवस्था से सम्बन्धित *नहीं* है ?

(1) परिकल्पनात्मक-निगमनात्मक तर्कना

(2) आदर्शवादी तर्कना

(3) स्थानिक तर्कना

(4) अमूर्त तर्कना

**21.** संवेगों की प्रकृति के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन *सही* है ?

(1) संवेगों की अभिव्यक्ति अधिगम द्वारा परिवर्तित हो जाती है।

(2) संवेग जीव की स्थायी अवस्था है।

(3) संवेग आन्तरिक उद्दीपनों द्वारा जाग्रत होते हैं।

(4) संवेगों की निश्चित भावाभिव्यक्ति भिन्न-भिन्न अर्थ लिए होती है।

**22.** वे बालक न्यून दृष्टि के माने जाते हैं जिनकी दृष्टि तीक्ष्णता होती है :

(1) 20/70 से 20/200

(2) दोष निवारक लेन्सों के साथ 20/20 दृष्टि

(3) दोष निवारक लेन्सों के साथ 6/6 दृष्टि

(4) 20/10 से 20/30

**23.** किशोर विद्यार्थियों के साथ कार्य करते समय एक अध्यापक के लिए सर्वाधिक उपयुक्त कार्य योजना है :

(1) विद्यार्थियों से तुलना करने के लिए कहना

(2) एक समस्या प्रस्तुत कर विद्यार्थियों से परिकल्पनाओं का निर्माण करवाना

(3) बालकों को क्रमवार संक्रियाओं में अनुभव प्रदान करना

(4) एक झुका हुआ समतल अथवा पहाड़ी को बनाना/निर्माण करना

**20.** According to Piaget, which of the following characteristics is not related to formal operational stage of children ?

(1) Hypothetico-deductive reasoning

(2) Idealistic reasoning

(3) Spatial reasoning

(4) Abstract reasoning

**21.** Which of the following statement is *correct* about the nature of emotions ?

(1) Emotional expressions are modified by learning.

(2) Emotions are permanent state of the organism.

(3) Emotions are aroused by internal stimuli.

(4) Certain facial expressions of emotions have different meanings.

**22.** Children considered as low vision who have a visual acuity between :

(1) 20/70 to 20/200

(2) 20/20 vision with corrective lenses

(3) 6/6 vision with corrective lenses

(4) 20/10 to 20/30

**23.** Most suitable strategy for a teacher, when he/she is working with adolescent students is to :

(1) Ask students to make comparisons

(2) Propose a problem and invite students to form hypothesis

(3) Give children experience in ordering operations

(4) Construct an inclined plane or a hill



Scanned by CamScanner

http://haryanatet.com



24. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन बालक विकास के सिद्धान्तों के बारे में *गलत* है ?

(1) विकास एक निश्चित और पूर्व अनुमानित प्रारूप से होता है।

(2) सभी व्यक्ति उनके विकास में समान होते हैं।

(3) विकास आनुवंशिकी और वातावरण का उत्पाद (परिणाम) है।

(4) विकास समाकलन के सिद्धान्त पर कार्य करता है।

25. एक बालक का आहार, उसकी लम्बाई कितनी होगी इसको प्रभावित करता है और यहाँ तक कि बालक कितने प्रभावी तरीके से चिन्तन करेगा एवं समस्याओं का समाधान करेगा इसे भी प्रभावित करता है। इस उदाहरण में विकास मुख्यतः प्रभावित होता है :

(1) आनुवंशिकी द्वारा

(2) वातावरण द्वारा

(3) प्रारम्भिक और बाद के अनुभवों द्वारा

(4) सततता (निरन्तरता) द्वारा

26. निम्नलिखित में से कौन-सी योजना विद्यार्थियों में क्रान्तिक (आलोचनात्मक) चिन्तन कौशल के विकास को सर्वोत्तम प्रकार से पोषित करती है ?

(1) एक बहुचयनात्मक (बहुविकल्पी) परीक्षण देना

(2) विद्यार्थियों से महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक तिथियों की कालरेखा बनवाने का कार्य करवाना

(3) विद्यार्थियों को इस प्रकार के कार्यपत्रक करने को देना जिसमें उन्हें उनकी पाठ्य पुस्तकों में दिये गये तथ्यों को पुनःस्मरण करना हो

(4) विद्यार्थियों को इस तरह के कथन प्रस्तुत करना कि "लाल बहादुर शास्त्री अपने महानतम प्रधानमन्त्री थे" कथन का समर्थन अथवा खण्डन कीजिए

24. Which of the following statement is ***incorrect*** about the principles of child development ?

(1) Development follows a definite and predictable pattern.

(2) All individuals are similar in their development.

(3) Development is product of hereditary and environment.

(4) Development works on the principle of integration.

25. A child's diet affect how tall the child grows and even how effectively the child can think and solve problems. In this example development is primarily influenced by :

(1) Heredity

(2) Environment

(3) Early-later experience

(4) Continuity

26. Which teaching strategy is most likely to foster the development of critical thinking skill of students ?

(1) Giving a multiple choice test

(2) Assignment for students to create timelines of important historical dates

(3) Giving worksheets to students that require them to recall the facts presented in their text books

(4) Presenting students with statements such as "Lal Bahadur Shastri was our greatest Prime Minister" to defend or refute



Scanned by CamScanner

27. एरिक्सन के अनुसार, जटिल समाज में किशोर-किशोरियाँ निम्नलिखित में से कौन-सी अवस्था का अनुभव अधिक करते हैं ?
   (1) तादात्म्य (पहचान) संकट
   (2) पहचान उपलब्धि
   (3) पहचान विलम्बन
   (4) पहचान मोचन-निषेध (फॉरक्लोजर)

28. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रश्न विद्यार्थियों को अपने प्रयोजन पर विवेचना करने में सर्वाधिक सही है ?
   (1) आपके जीवन में आपके लिए क्या सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है ?
   (2) आप अपने जीवन को किस प्रकार संगठित कर सकते हैं ?
   (3) आप अच्छे ग्रेड प्राप्त करने लिए क्या कर सकते हैं ?
   (4) आप किस प्रकार बेहतर अल्पकालिक लक्ष्य बना सकते हैं ?

29. बालक के लक्षण, जब वह किसी कार्य पर केन्द्रित नहीं रह पाता, आवेगपूर्ण क्रिया करता है, सामाजिक नियमों की परवाह नहीं करता है और कुंठा के समय विद्वेषता के साथ अनापशनाप बोलने लग जाता है, संकेत हैं :
   (1) अवधान न्यूनता अतिसक्रियता विकार के
   (2) मंद अधिगमकर्ता (सीखने वाला) के
   (3) मानसिक मंदता के
   (4) स्मृति लोपन के

30. किशोर जन मुख्यतया बालिकाएँ कठोर आहार आदतों और अत्यधिक अभ्यास कार्य को करने लगती हैं। किशोरों का यह आहार सम्बन्धी विकार कहलाता है :
   (1) एनोरेक्सिया नर्वोसा
   (2) बाध्यता-मनोग्रस्ति तंत्रिकाताप (ऑबसेसिव कम्पल्सिव न्यूरोसिस)
   (3) तन्त्रिकीय विकास विकार (न्यूरो डेवलपमेन्टल डिसऑर्डर)
   (4) बुलिमिया नर्वोसा

27. According to Erikson, in complex societies teenagers experience which of the following state ?
   (1) Identity crisis
   (2) Identity achievement
   (3) Identity moratorium
   (4) Identity foreclosure

28. Which of the following question is most likely to get students to reflect on their purpose ?
   (1) What is most important to you in your life ?
   (2) How can you organise your life ?
   (3) What can you do to get good grades ?
   (4) How can you set better short term goal ?

29. Child's symptoms when, he/she can not stay focused on a task, act impulsively, ignoring social rules and lashing out with hostility when frustrated, is indication of :
   (1) Attention – deficit hyperactivity disorder
   (2) Slow learner
   (3) Mentally retardation
   (4) Amnesia

30. Young people mainly girls engage in strict dieting and excessive exercise. This eating disorder in adolescence is known as :
   (1) Anorexia Nervosa
   (2) Obsessive Compulsive Neurosis
   (3) Neuro-developmental Disorder
   (4) Bulimia Nervosa



Scanned by CamScanner

http://haryanatet.com



## भाग – II / PART – II

## भाषा (हिन्दी एवं अंग्रेजी) / LANGUAGES (HINDI & ENGLISH)

## [ हिन्दी / HINDI ]

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सबसे उचित विकल्प चुनिए।*

**31.** निम्न में 'पार्श्विक' वर्ण कौन-सा है ?

(1) य (2) व

(3) र (4) ल

**32.** किस विकल्प में दो उपसर्गों का योग *नहीं* हुआ है ?

(1) व्युत्पत्ति (2) व्याधि

(3) व्यापादित (4) वैनाशिक

**33.** किस विकल्प में 'अपादान तत्पुरुष' का प्रयोग *नहीं* हुआ है ?

(1) जन्मरोगी

(2) जलजात

(3) राजद्रोह

(4) पदाक्रांत

**34.** वार्तनिक दृष्टि से *शुद्ध* शब्द का चयन कीजिए :

(1) दृष्टव्य

(2) परिशिष्ठ

(3) आदिष्ठ

(4) अन्त्येष्टि

**35.** किस विकल्प में 'भाववाचक कृत् प्रत्यय' का प्रयोग *नहीं* हुआ है ?

(1) परोसैया

(2) छिड़काव

(3) पछतावा

(4) गड़गड़ाहट

**36.** संधि-विच्छेद एवं शब्द-निर्माण की दृष्टि से *असंगत* विकल्प चुनिए :

(1) विश्व + एक्य = विश्वैक्य

(2) अधम + ऋण = अधमर्ण

(3) परि + कृत = परिष्कृत

(4) तत् + अनन्तर = तदनन्तर

**37.** "मोनू सबसे घटिया विचारों वाला लड़का है" – इस वाक्य में विशेषण की कौन-सी अवस्था का प्रयोग हुआ है ?

(1) स्वतन्त्रावस्था

(2) मूलावस्था

(3) उत्तरावस्था

(4) उत्तमावस्था

**38.** संज्ञाओं की दृष्टि से *असंगत* विकल्प चुनिए :

(1) व्यक्तिवाचक संज्ञाएँ सदैव एकवचन में प्रयुक्त होती हैं।

(2) व्यक्तिवाचक संज्ञाएँ अनन्त होती हैं।

(3) ईर्ष्या, रोग, जन्म, मृत्यु आदि यौगिक भाववाचक संज्ञाएँ हैं।

(4) व्यक्तिवाचक एवं भाववाचक संज्ञाओं का जातिवाचक संज्ञाओं में रूपान्तरण किया जा सकता है।



Scanned by CamScanner

http://haryanatet.com



39. 'लिंग-विचार' की दृष्टि से *असंगत* कथन को छाँटिए :

(1) फौज, भीड़, सरकार स्त्रीलिंग पद हैं।

(2) 'लिंग' विकारक तत्त्वों की श्रेणी में आता है।

(3) संज्ञा, सर्वनाम एवं विशेषणवाचक सभी शब्दों में लिंग की दृष्टि से विकार होता है।

(4) कोयल, मैना, चील आदि शब्द नित्य स्त्रीलिंग शब्दों के वाचक पद हैं।

40. "आज का अधिकतम तापमान पैंतीस डिग्री सेन्टीग्रेड रहा" – इस वाक्य में प्रयुक्त विशेषण का भेद इंगित कीजिए :

(1) निश्चित संख्यावाचक विशेषण

(2) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण

(3) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण

(4) पूर्णांक बोधक संख्यावाचक विशेषण

41. वार्तनिक दृष्टि से *अशुद्ध* शब्द का चयन कीजिए :

(1) पड़ोसी

(2) सुधीजन

(3) सरलतापुर्वक

(4) द्रवीभूत

42. इनमें कौन-सी भाववाचक संज्ञा का निर्माण विशेषणवाचक शब्द से *नहीं* हुआ है ?

(1) नकटापन (2) सयानापन

(3) अपनापन (4) गोरापन

43. क्रिया के संबंध में *असंगत* कथन चुनिए :

(1) गौणकर्म के साथ सदैव 'को' चिह्न जुड़ा रहता है तथा क्रिया से अपेक्षाकृत दूर रहता है।

(2) यदि वाक्य में दो कर्म हों, तो क्रिया से 'किसे' या 'किसको' प्रश्न करने पर जो उत्तर मिलता है वह 'मुख्य कर्म' होता है।

(3) जिन्हें कर्म के अतिरिक्त अन्य किसी पूरक शब्द की आवश्यकता नहीं पड़ती है उन्हें 'पूर्ण सकर्मक क्रिया' कहते हैं।

(4) आना, उड़ना एवं तैरना गत्यर्थक पूर्ण अकर्मक क्रियाएँ होती हैं।

44. किस शब्द में 'अव' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है ?

(1) अवाच्य

(2) अवधि

(3) अवचन

(4) अविनष्ट

45. संधि की दृष्टि से *असंगत* विकल्प है :

(1) उपनिषद् + मीमांसा = उपनिषन्मीमांसा

(2) विद्वत् + मूर्ति = विद्वन्मूर्ति

(3) षठ् + मास = षण्मास

(4) शरद् + माला = शरन्माला



Scanned by CamScanner

http://haryanatet.com



## [ अंग्रेजी / ENGLISH ]

***Direction : Answer the following questions by selecting the most appropriate option.***

**46.** Choose the ***correct*** set of articles from the given options in the following sentence against the blank space :

"The teacher wrote ......... outline of a story on ......... blackboard."

(1) a, a (2) an, the
(3) the, a (4) a, the

**47.** Choose the ***correct*** verb form in the following sentence against the blank space so as to complete the sentence :

"My father .......... for Delhi yesterday."

(1) leave (2) will leave
(3) left (4) will be leaving

**48.** Choose the ***correct*** option to fill in the blank space in the sentence which expresses the correct notion hinted in the bracket against the blank space :

"You ...... (command) apologise or face the consequences."

(1) must
(2) shall
(3) may
(4) could

**49.** Pick out the ***correct*** option to indicate the use of adjective in the following sentence :

"A Cool breeze blew from the sea."

(1) breeze (2) sea
(3) cool (4) blew

**50.** Identify the underlined word in the given sentence.

I see him <u>passing</u> my house every day.

(1) Gerund
(2) Present Participle
(3) Infinitive
(4) Object

**51.** Identify the compound word from the options given below :

(1) Development
(2) Newspaper
(3) Powerful
(4) Childhood

**52.** Fill in the blank with the ***correct*** preposition :

Do you usually go out ........ Saturday evenings ?

(1) in (2) at
(3) on (4) within

**53.** Which one of the following sentences in the options given below illustrates the use of Intransitive verb ?

(1) Fire burns.
(2) The principal hoisted the flag on Independence Day.
(3) She is reading the newspaper.
(4) Our team won the match.



Scanned by CamScanner

http://haryanatet.com



**54.** Which one of the following words is *not* a noun ?

(1) advice (2) rice

(3) device (4) nice

**55.** Choose the word which is spelt *correctly* :

(1) Beegning

(2) Biginning

(3) Beginning

(4) Begining

**56.** Which of the options given below is the *correct* passive form of the following sentence ?

"The Bhagvad Gita presents a balanced philosophy of life."

(1) A balanced philosophy of life is presented by the Bhagvad Gita.

(2) A balanced philosophy of life has been presented by the Bhagvad Gita.

(3) The Bhagvad Gita has presented a balanced philosophy of life.

(4) A balanced philosophy of life was presented by the Bhagvad Gita.

**57.** "Reading improves your knowledge."

Identify the gerund in the above sentence from the options given below :

(1) knowledge

(2) improves

(3) reading

(4) your

**58.** Select the *correct* option from the following that correctly transforms the following sentence from Direct speech to Indirect speech :

He said, 'Congratulations !'

(1) He congratulated me.

(2) He said to me congratulations.

(3) He exclaimed congratulations.

(4) He is saying congratulations.

**59.** Identify the *correct* meaning of the underlined idiom in the following sentence from the options given below :

"Climbing Mt. Everest is <u>not a child's play</u> for anyone."

(1) very easy to do

(2) very difficult to do

(3) pleasant to do

(4) boring to do

**60.** Which one of the following words underlined in the sentences given as options has been used as a verb ?

(1) The stage <u>performances</u> are called Raas Leela.

(2) The <u>performers</u> enacted Raas Leela on the stage.

(3) Each actor <u>performed</u> in a circular space on the stage in Raas Leela.

(4) The <u>performing</u> artist moved in a circular space on the stage in Raas Leela.



Scanned by CamScanner

http://haryanatet.com



## भाग – III / PART – III

## सामान्य अध्ययन / GENERAL STUDIES

### [ मात्रात्मक योग्यता, तार्किक अभिक्षमता तथा सामान्य ज्ञान एवं अभिज्ञान / QUANTITATIVE APTITUDE, REASONING ABILITY AND G.K. & AWARENESS ]

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सबसे उचित विकल्प चुनिए।*

**Direction :** *Answer the following questions by selecting the* ***most appropriate*** *option.*

61. यदि अंग्रेजी वर्णमाला को विपरीत क्रम में लिख दिया जाये, तो बायीं ओर से 19वें अक्षर के बायीं ओर 8वाँ अक्षर कौन-सा होगा ?
(1) T (2) P
(3) Q (4) R

62. दिये गये विकल्पों में से ***बेमेल*** छाटिएँ :
(1) 171 (2) 131
(3) 161 (4) 181

63. निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोष में दिए गए क्रम के अनुसार लिखिए :
i. Critical ii. Criterion
iii. Crisis iv. Crisp
(1) iii, iv, ii, i (2) i, iii, iv, ii
(3) iii, iv, i, ii (4) iv, iii, i, ii

64. शब्द 'PROPERTY' में अक्षरों के ऐसे कितने युग्म हैं, जिनके मध्य में यहाँ उतने ही अक्षर हैं जितने कि उनके बीच अंग्रेजी वर्णमाला में उनके क्रम के मध्य में होते हैं ?
(1) 0 (2) 1
(3) 4 (4) 3

65. निम्न श्रेणी में ***गलत*** पद ज्ञात कीजिये :
1CV, 5FU, 9IT, 15LS, 17OR
(1) 5FU (2) 9IT
(3) 15LS (4) 17OR

66. दो व्यक्ति A व B प्रातःकाल एक-दूसरे के आमने-सामने खड़े थे। यदि A की परछाईं A के बाईं ओर पड़ रही है, तो बताइए B का मुख किस दिशा में है ?
(1) दक्षिण (2) उत्तर
(3) पूर्व (4) पश्चिम

61. If English alphabets are written in opposite order, then which is the 8th letter of the 19th letter from left side ?
(1) T (2) P
(3) Q (4) R

62. Find the ***Odd*** one out from given options :
(1) 171 (2) 131
(3) 161 (4) 181

63. Write the following words in the order given in the dictionary :
i. Critical ii. Criterion
iii. Crisis iv. Crisp
(1) iii, iv, ii, i (2) i, iii, iv, ii
(3) iii, iv, i, ii (4) iv, iii, i, ii

64. In the word 'PROPERTY' how many such pairs of letter exist, which has the same number of letters between them here as what they have between them in their order in English Alphabet ?
(1) 0 (2) 1
(3) 4 (4) 3

65. Find the ***wrong*** term in the following series :
1CV, 5FU, 9IT, 15LS, 17OR
(1) 5FU (2) 9IT
(3) 15LS (4) 17OR

66. Two persons A and B stand in front of each other in morning. If A's shadow's lies in the left side of 'A', then in which direction B's facing ?
(1) South (2) North
(3) East (4) West



Scanned by CamScanner

http://haryanatet.com



67. एक व्यापारी अपनी वस्तुओं के अंकित मूल्य पर 15% का बट्टा देता है, वह अपने माल पर लागत मूल्य से कितना अधिक मूल्य अंकित करे कि उसे 19% लाभ हो ?

(1) 34% (2) 40%
(3) 25% (4) 30%

68. पाँच वर्ष पश्चात्, पिता की आयु उसके पुत्र की आयु की तिगुनी होगी। पाँच वर्ष पूर्व, पिता की आयु उसके पुत्र की आयु की 7 गुनी थी। पिता की वर्तमान आयु है :

(1) 40 वर्ष (2) 30 वर्ष
(3) 50 वर्ष (4) 45 वर्ष

69. यदि 6 पेनों के विक्रय मूल्य, 8 पेनों के क्रय मूल्य के बराबर है, तो लाभ/हानि प्रतिशत में है :

(1) 25% लाभ (2) 25% हानि
(3) 33⅓% हानि (4) 33⅓% लाभ

70. यदि $\frac{2x+7}{5}-\frac{3x+11}{2}=\frac{2x+8}{3}-5$ हो, तो $x = ?$

(1) 1 (2) –1
(3) 2 (4) –2

71. एक बेलन का वक्रपृष्ठीय क्षेत्रफल 264 वर्गमीटर है तथा आयतन 924 घनमीटर है। इसके व्यास का इसकी ऊँचाई से क्या अनुपात होगा ?

(1) 7 : 6 (2) 6 : 7
(3) 3 : 7 (4) 7 : 3

72. चक्रवृद्धि ब्याज से कौन-सी धनराशि 1 वर्ष के अन्त में 650 रु० तथा 2 वर्ष के अन्त में 676 रु० हो जायेगी ?

(1) 520 रुपये (2) 572 रुपये
(3) 600 रुपये (4) 625 रुपये

67. A businessman gives 15% discount on the list price of his items. How much price he should mark on his items to the cost price to get 19% profit ?

(1) 34% (2) 40%
(3) 25% (4) 30%

68. After 5 years, father's age will be three times of his son's age. 5 years ago, father's age was 7 times of his son's age. The present age of the father is :

(1) 40 years (2) 30 years
(3) 50 years (4) 45 years

69. If the selling price of 6 pens is equal to the cost price of 8 pens, then profit/loss in percentage is :

(1) 25% profit (2) 25% loss
(3) 33⅓% loss (4) 33⅓% profit

70. If $\frac{2x+7}{5}-\frac{3x+11}{2}=\frac{2x+8}{3}-5$, then $x = ?$

(1) 1 (2) –1
(3) 2 (4) –2

71. The curved surface area of a cylinder is 264 $m^2$ and its volume is 924 $m^3$, then what is the ratio between its diameter and height ?

(1) 7 : 6 (2) 6 : 7
(3) 3 : 7 (4) 7 : 3

72. What principal on compound interest has their amount Rs. 650 in one year and Rs. 676 in two years ?

(1) Rs. 520 (2) Rs. 572
(3) Rs. 600 (4) Rs. 625



Scanned by CamScanner

http://haryanatet.com



**73.** कोई धन साधारण ब्याज की एक विशेष दर पर 2 वर्ष के लिए उधार दिया गया, यदि ब्याज की दर 1% वार्षिक अधिक होती तो इससे 240 रुपये अधिक आय होती। यह धन कितना है ?

(1) 5,000 रु० (2) 6,000 रु०

(3) 8,000 रु० (4) 12,000 रु०

**74.** 125 मीटर लम्बी रेलगाड़ी 60 किमी प्रति घण्टा की चाल से चलकर एक पुल को 30 सेकेण्ड में पार कर जाती है। पुल की लम्बाई कितनी है ?

(1) 375 मीटर (2) 225 मीटर

(3) 125 मीटर (4) 250 मीटर

**75.** 3 लड़कों की औसत आयु 16 वर्ष है। यदि उनकी आयु का अनुपात 4 : 5 : 7 हो, तो सबसे छोटे लड़के की आयु कितनी है ?

(1) 8 वर्ष (2) 9 वर्ष

(3) 12 वर्ष (4) 16 वर्ष

**76.** किसी परीक्षा में 60% विद्यार्थी अंग्रेजी में तथा 70% गणित में उत्तीर्ण हुए, यदि 20% विद्यार्थी दोनों विषयों में अनुत्तीर्ण रहे हों तथा 2500 विद्यार्थी दोनों विषयों में उत्तीर्ण रहे हों, तो कुल परीक्षार्थियों की संख्या कितनी है ?

(1) 3000 (2) 3500

(3) 4000 (4) 5000

**77.** A, B से बड़ा है जबकि C और D, E से बड़े हैं। E, A और C के मध्य में है और C, B से बड़ा है, तो निम्न में से कौन-सा कथन आवश्यक रूप से *सत्य* है ?

(1) A, C से बड़ा है। (2) C, D से बड़ा है।

(3) D, C से बड़ा है। (4) E, B से बड़ा है।

**78.** एक घन की निचली सतह खाली है। A और B के बीच में X अंकित है। A के बायीं ओर Y है। तो Z घन की किस फलक पर अंकित है ?

(1) तल पर (2) ऊपर

(3) सामने (4) पीछे

**73.** A principal lends on simple interest for two years. If rate of interest more than 1% the simple interest increased by Rs. 240. Find out the principal :

(1) Rs. 5,000 (2) Rs. 6,000

(3) Rs. 8,000 (4) Rs. 12,000

**74.** At the speed of 60 km per hour, 125 meter long train crosses a bridge in 30 seconds. What is the length of bridge ?

(1) 375 meter (2) 225 meter

(3) 125 meter (4) 250 meter

**75.** The average age of three boys is 16 years and the ratio of their ages is 4 : 5 : 7, find out the age of smallest boy.

(1) 8 years (2) 9 years

(3) 12 years (4) 16 years

